# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 20 अक्टूबर 2025








GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान के किस जिले में अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब और डेटा सेंटर स्थापित किया जाएगा?

(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) कोटा
(D) इनमें से कोई नही

- केंद्रीय रेल एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर में एक अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब और डेटा सेंटर स्थापित करने की महत्वपूर्ण घोषणा की है।
- इस घोषणा के बाद राजस्थान में भी गूगल जैसी बड़ी कंपनियों के एआई हब स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा तेज हो गई है, जिससे प्रदेश में नवाचार और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।
- हाल ही में गूगल द्वारा भारत में एआई हब बनाने की घोषणा की है

01. हाल ही में PMI इलेक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड इलेक्ट्रिक बस निर्माण की यह पहली इकाई राज्य में कहां विकसित कर रही है?

(A) नीमराना, अलवर

(B) मकराना, नागौर

(C) पोकरण, जैसलमेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान अब इलेक्ट्रिक बस निर्माण में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। रीको ने PMI इलेक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र (नीमराना, अलवर) में भूमि आवंटन के लिए 14 अक्टूबर 2025 को ऑफर लेटर जारी किया है।

⭕ इस भूमि का मूल्य लगभग 208 करोड़ रुपए है। कंपनी राज्य में 1200 करोड़ रुपए का निवेश कर 500 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करेगी।

⭕ इलेक्ट्रिक बस निर्माण की यह पहली इकाई राज्य के औद्योगिक और पर्यावरणीय विकास में बेहतर साबित होगी

02.प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत राजस्थान कंपोनेंट-ए में देश में कौनसे स्थान पर है

(A) पहले

(B) दूसरे

(C) तीसरे

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ किसानों को दिन में सस्ती और प्रदूषण रहित सौर ऊर्जा देने के लिए लांच की गई पीएम कुसुम योजना में राजस्थान टॉप 3 के राज्यों में शामिल हो गया है।

⭕ 20 माह में राजस्थान ने योजना के दो कम्पोनेंट में 2 हजार मेगावाट से ज्यादा के संयंत्र स्थापित होने के साथ ही उत्पादन शुरू हो गया हैं। राजस्थान कंपोनेंट-ए में देश में प्रथम राज्य है तथा कंपोनेंट-सी में महाराष्ट्र तथा गुजरात के बाद तीसरे स्थान बिजलीपर है।

⭕ राजस्थान ने मई माह में 1 हजार मेगावाट क्षमता का स्तर छुआ था, मात्र 4 महीने में ही 2 हजार मेगावाट क्षमता अर्जित की है। इन प्लांटों से प्रदेश में 1 लाख 23 हजार से अधिक सोलर पंपों को ऊर्जीकृत कर किसानों को खेती के लिए दिन में बिजली सुलभ हो पा रही है।

03. हाल ही में किसके द्वारा राजस्थान के बाड़मेर की रूमा देवी को 'यंग कंट्री अवॉर्ड' से सम्मानित किया?

(A) पीयूष गोयल

(B) द्रौपदी मुर्मू

(C) नरेंद्र मोदी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

⭕ दिल्ली स्थित द कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में यंग इंडिया कंट्री अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया।

⭕ इस दौरान केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राजस्थान के बाड़मेर की कशीदाकारी की कलाकार रूमा देवी को 'यंग कंट्री अवॉर्ड' से सम्मानित किया।

⭕ उन्हें यह सम्मान भारत की पारंपरिक कारीगरी में युवाओं को कौशल विकास प्रदान करने और विरासत को संभाले रखने की दिशा में कार्यों के लिए दिया गया

04. राजस्थान से किसे ब्रिटिश संसद में ग्लोबल ब्रिलियंस फोरम समिट एवं अवॉर्ड्स 2025 के दौरान 'आउटस्टैंडिंग स्टूडेंट अचीवमेंट' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?

(A) विनय कुमार

(B) अजय सक्सेना

(C) शांतनु राव

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान के रहने वाले शांतनु राव को ब्रिटिश संसद में ग्लोबल ब्रिलियंस फोरम समिट एवं अवॉर्ड्स 2025 के दौरान 'आउटस्टैंडिंग स्टूडेंट अचीवमेंट' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।
- भारतीय शांतनु राव वर्तमान में क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी लंदन में अंतिम वर्ष के छात्र हैं और प्रवासी भारतीय छात्रों की मदद के लिए काम करते हैं।
- ऐतिहासिक ब्रिटिश संसद भवन (UK Parliament) में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें भारत सहित विश्वभर के प्रतिष्ठित, नीति-निर्माताओं, उद्योगपतियों, न्यायविदों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया।

05. राज्य में उद्यमिता एवं नवाचार को प्रोत्साहन के लिए आइडियाथॉन 2.0 का आयोजन कब किया जाएगा?

(A) 2 नवम्बर

(B) 3 नवम्बर

(C) 5 नवम्बर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग एवं आई स्टार्ट राजस्थान की ओर से राजस्थान नॉलेज कार्पोरेशन के सयुंक्त तत्वावधान में राज्य में उद्यमिता एवं नवाचार को प्रोत्साहन के लिए आइडियाथॉन 2.0 का आयोजन 3 नवम्बर को किया जाएगा

⭕ राज्य सरकार द्वारा राज्य में स्टार्ट-अप ईकोसिस्टम एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (DoIT&C) के तत्वावधान में iStart कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

⭕ iStart कार्यक्रम के अंतर्गत Ideathon 2.0 का आयोजन आगामी 3 नवम्बर 2025 को किया जाएगा। आयोजन चूरू, सीकर एवं झुंझुनू जिलों के विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए होगा। ⭕ कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता तथा उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना है।

06. हाल ही में ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा 'नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस' का आयोजन कब किया?

(A) 22 से 25 सितम्बर

(B) 21 से 30 सितम्बर

(C) 26 से 30 सितम्बर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- 27 सितम्बर, 2025 को राज्यपाल हरिभाउ बागड़े ने आबू रोड (सिरोही) में 'नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस' का उद्घाटन किया।
- आयोजक : ब्रह्माकुमारीज संस्थान का मीडिया प्रभाग।
- आयोजन : 26 से 30 सितम्बर, 2025 तक।
- इस सम्मेलन में भारत सहित नेपाल के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा साइबर मीडिया से लगभग 1500 पत्रकार भाग लिया

07. राजस्थान के किस जिले में स्थित जेके लोन अस्पताल में डेडिकेटेड पीडियाट्रिक सीटीवीएस इकाई का शुभारंभ किया गया?

(A) जयपुर

(B) कोटा

(C) अलवर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- स्वस्थ नारी – सशक्त परिवार अभियान:- शुरुआत – 17 सितम्बर 2025
  - राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इंदौर (मध्यप्रदेश) से
  - राज्य स्तर पर शुभारंभ – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, आरयूएचएस चिकित्सा परिषद, प्रतापनगर (जयपुर) से
- कार्यक्रम में थैलेसीमिया कुटुंब योजना, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मन दर्पण कार्यक्रम तथा जेके लोन अस्पताल में डेडिकेटेड पीडियाट्रिक सीटीवीएस इकाई का शुभारंभ भी किया

**08.राजस्थान के किस जिले में पर्यटकों हेतु रोपवे, वाटर स्पोर्ट्स के साथ जिप लाइन की सुविधा शुरू हुई है?**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- लेकसिटी उदयपुर में पर्यटक अब दूधतलाई पर रोपवे, वाटर स्पोर्ट्स के साथ जिप लाइन का भी आनंद उठा सकेंगे। ये 14 सितंबर से शुरू होगी।
- माणिक्य लाल वर्मा पार्क से दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बीच यह जिप लाइन बनकर तैयार है। खास बात ये है कि 630 मीटर लंबी यह लाइन दूधतलाई के ऊपर से गुजरेगी।
- पर्यटक 40 फीट ऊपर से दूधतलाई और पिछोला झील का खूबसूरत नजारा देख सकेंगे। पर्यटकों को सेफ्टी उपकरण और हार्नेस से बांधकर सफर कराया जाएगा।
- जिप लाइन का किराया 400 रुपए तक होगा। समय सुबह से सूर्यास्त तक रहेगा। दोनों पार्कों पर इसके स्टैंड भी तैयार हैं। निगम ने थ्रिल जॉन एडवेंचर कंपनी को 67.90 लाख में 5 साल के लिए ठेका दिया है।

**09. मोहन बागान सुपर जायंट ने किस टीम को हराकर 125वां IFA शील्ड फाइनल जीत लिया?**

**(A) ईस्ट बंगाल**

**(B) एफसी पुणे सिटी**

**(C) महिंद्रा यूनाइटेड**

**(D) इनमें से कोई नही**



**Important Facts:**

- मोहन बागान ने 22 वर्ष की प्रतीक्षा के बाद 125वीं IFA शील्ड जीती
- मोहन बागान सुपर जायंट ने ईस्ट बंगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में 125वां IFA शील्ड फाइनल जीत लिया।
- यह जीत 2003 के बाद से मोहन बागान का पहला IFA शील्ड खिताब है, जिसने 22 वर्ष के सूखे को समाप्त किया और भारतीय फुटबॉल की सबसे पुरानी प्रतिद्वंद्विता में अपने प्रभुत्व की पुष्टि की।
- IFA शील्ड,भारतीय फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित एक फुटबॉल प्रतियोगिता है, जो भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल में फुटबॉल की नियामक संस्था है। IFA 1893 में अस्तित्व में आया

10. हाल ही में चंडीगढ़ में 11वां भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF) कब आयोजित किया जाएगा?

(A) 6 से 9 दिसंबर

(B) 16 से 19 दिसंबर

(C) 26 से 29 दिसंबर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- 11वां भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF) 6 से 9 दिसंबर 2025 तक चंडीगढ़ में "विज्ञान से समृद्धि: आत्मनिर्भर भारत" विषय पर आयोजित किया जाएगा।
- IISF भारत की प्रमुख विज्ञान आउटरीच पहल है, जो वैज्ञानिक जागरूकता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिकों, छात्रों, नवप्रवर्तकों और आम जनता को एकजुट करती है।
- इसका पहला आयोजन 2015 में हुआ था।

**Today, Quiz:**

**Q.धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में राजस्थान ने देशभर में कौनसा स्थान प्राप्त किया?**

(A) पहला

(B) दूसरा

(C) तीसरा

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine